महिलाओं व बच्चियों को सुरक्षित महसूस कराना प्राथमिकता : राजीव कुमार शर्मा

- शहर में ऐसा कोई स्थान नहीं होना चाहिए जहां महिलाएं असुरक्षित महसूस करें : शर्मा
- चिन्हित अपराधियों पर सख्त निगरानी रखने और अवैध खनन पर कार्रवाई करने के निर्देश

राजस्थान पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने अपराध समीक्षा बैठक ली।

भरतपुर, (निसं)। राजस्थान पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा एक दिवसीय दौरे पर भरतपुर रहे। आईजी कैलाश चंद विश्नोई एसपी दिगंत आनंद ने डीजीपी की आगवानी की। रेंज कार्यालय में पहुंचकर डीजीपी ने पौधारोपण किया। आईजी कैलाश विश्नोई ने रेंज की कानून व्यवस्था के बारे में दी जानकारी। एसपी ऑफिस पहुंचने पर डीजीपी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जहां उन्होंने भरतपुर जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रेंज के पुलिस अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में उन्होंने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शर्मा ने जोर देकर कहा कि महिलाओं और बच्चियों को सुरक्षित महसूस कराना पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर में ऐसा कोई स्थान नहीं होना चाहिए जहां महिलाएं असुरक्षित महसूस करें।

उन्होंने चिन्हित अपराधियों पर सख्त निगरानी रखने और अवैध खनन पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश हैं कि अवैध खनन को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। शर्मा ने कहा कि हिरासत में आरोपी की मौत को लेकर पुलिस की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए पुलिस को सजग रहना होगा।उन्होंने कहा कि पदोन्नित उनकी सबसे अहम प्राथमिकता है और इस प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। शर्मा ने कहा कि ड्रग्स और साइबर क्राइम पुलिस के लिए बड़ी चुनौती हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने साइबर क्राइम के मामलों में बड़ी कार्रवाई की है और ड्रग्स की सप्लाई रोकने के लिए भी कड़े कदम उठाए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु सबसे ज्यादा अफसोसजनक होती है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने ऐसे मामलों की समीक्षा की है और चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर कार्रवाई करने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि रेंज के अधिकारियों से चर्चा की गई कि हमारी जो प्राथमिकता है उन पर कैसे काम करना है , और सभी पुलिस अधिकारी अपनी ओर से अच्छा काम कर रहे हैं अमीषा सुधार की गुंजाइश होती है और सभी अधिकारियों से यह कहा है कि और बेहतर पर्यक्षण करें साथ ही बेहतर अनुसंधान करें। हमारे थाने में जो पारिवारिक शिकायत लेकर के आते हैं उनकी शिकायत को ढंग से सुना जाए और सुनने की व्यवस्था भी हो। महिलाओं को सुरक्षित महसूस हो बच्चियों को घर से बाहर और बाहर से घर जाते हुए कुछ सोचा ना पड़े शहर में ऐसा कोई स्थान नहीं हो जहां उन्हें लगे कि हम असुरक्षित हैं । जहां-जहां पुलिस की विजिबिलिटी बढ़ाने की क्षमता है वहां बढ़ाएं गस्त बढ़ाने की आवश्यकता है तो वह भी बढ़ाएं । जो चिन्हित अपराधी हैं जिनका पूर्व में आपराधिक रिकॉर्ड है हमारी सख्त निगरानी उन पर बनी रहे। अवैध खनन की जहां तक बात है मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश हैं जो भी अवैध खनन को लेकर के कार्रवाई करनी है उसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं हो और पुलिस की ओर से किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होगी। हिरासत में आरोपी की मौत को लेकर के कहा गया है कि यह लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी । अगर ऐसी कोई घटना होती है तो यह उस व्यक्ति के परिवार के लिए जितनी दुखद है वह हमारे लिए भी उतनी ही दुखद है। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो सजग रहे और जो थाने का संतरी रहता है उसकी पूरी भूमिका होती है कि थाने में जिस व्यक्ति को लाया गया है उसका ध्यान रखें अगर इस तरह से ध्यान रखा जाएगा तो आगे ऐसी घटना नहीं देखी जाएगी। उन्होंने कहा कि एक होता है जानबूझकर गलत करना और एक होता है अनजाने में गलत होना दूसरे प्रदेश का कोई अपराधी किस प्रयोजन से आया हुआ है उसके बाद ही मैं जानकारी सबको हो किस प्रकार का अपराधी है यह संभव नहीं और अगर कोई जानबूझकर किसी अपराधी को मदद करने की कोशिश करता है तो वह हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। प्रमोशन हमारी सबसे अहम प्राथमिकता है अभी जो इंस्पेक्टर लेवल के प्रमोशन थे जयपुर कमिश्नरेट हाई कोर्ट में कुछ लोगों ने प्रकरण दायक किए हुए थे काफी समय से रुकी हुई थी अगर इंस्पेक्टर लेवल कई प्रमोशन रुक जाते हैं तो नीचे भी प्रभाव पड़ता है इसी के चलते यह प्रक्रिया रुकी हुई थी न्यायालय के निर्देशों के अनुसार कुछ प्रगति हुई है जयपुर शहर में भी कुछ वर्षों से जो लंबित पदोन्नित की जो परीक्षा थी वह सम्पन्न करा ली है। दूसरी प्रारंभ की है पिछले हफ्ते ही सब इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर के रूप में पदोन्नित मिली है अगले बरस के एग्जाम की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है कोशिश यह है कि यह सिलसिला रुके नहीं और वर्ष बार जो भी पदोन्नित पेंडिंग थी उसे जल्दी से जल्दी पूरा कराएं।

ड्रग्स है खास तौर से हमारे लिए चुनौती है सबसे ज्यादा असर युवा वर्ग में होता है सभी को कहा गया है कि इसकी सप्लाई नहीं हो जो इसके दुष्प्रभावों के बारे में नहीं जानता है स्कूलों में जाकर के उन्हें जागरूक करने के लिए कहा गया है जो सप्लाई करने वाले लोग हैं उन्हें चिन्हित करके उन्हें हम पनपने नहीं दें यह हमारी प्रमुख प्राथमिकता है।

एसडीएम ने ली ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक

गंगापुर सिटी, (निसं)। उपजिला कलेक्टर गंगापुर सिटी की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियो की बैठक आयोजित की गई। उपखण्ड अधिकारी द्वारा आषान्वित ब्लॉक गंगापुर सिटी से सम्बन्धित अधिकारियो को आगामी तिमाही मे रैंक बढाने हेतु निर्धारित संकेतको के अनुसार लक्ष्यो की पूर्ति करने हेतु निर्देषित किया गया। उपखण्ड अधिकारी द्वारा समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारियो को सम्पर्क पोर्टल से सम्बन्धित षिकायतो का त्वरित तथा गुणवत्तापूर्णय निस्तारण हेतु निर्देषित किया गया। समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारिगणो को राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही फ्लैगषिप योजनाओ मे नियमानुसार अधिक से अधिक लाभर्थियो को जोडने तथा उक्त योजनाओ में प्रगति लाने हेतु निर्देषित किया गया। इस दौरान भूमि आवंटन से सम्बन्धित प्रस्तावो पर चर्चा की गई तथा तहसीलदार गंगापुर सिटी तथा तलावडा को उक्त बकाया प्रस्तावो पर कार्यवाही करने हेतु निर्देषित किया गया। सहायक अभियन्ता जलदाय विभाग गंगापुर सिटी को लीकेज तथा गन्दे पेयजल से सम्बन्धित समस्या /षिकायत पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में विभिन्न विभागो से प्राप्त जर्जर भवनो के जमीदोज(डिसमेन्टल) प्रस्तावो पर चर्चा की गई। समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारिगणो को सम्बन्धित विभागो के उक्त प्रस्ताव उपखण्ड अधिकारी गंगापुर सिटी को भिजवाने हेतु निर्देषित किया गया। चर्चा उपरान्त उक्त प्राप्त प्रस्तावो पर नियमानुसार कार्यवाही हेतु एक तकनीकी टीम का गठन किया गया।

सार-समाचार

वाल्मिकी समाज ने सौंपा ज्ञापन

करौली, (निसं)। वाल्मिकी समाज के लोगो ने करौली मे रैली निकालकर धरना प्रदर्षन करते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। महर्षि वाल्मिक आश्रम विकास समिति करौली के अध्यक्ष ग्यासी हलदिया,बाबू लाल डागर, मनोज घेंघट, अनिल कुमार धौलपुर,मोनू गोडीवाल, दिनेश, सतीष, अमित कल्याणा सूरतगढ, कैलाश नकवाल गंगापुर सिटी के साथ पीडित जितेंन्द्र पुत्र बाबु वाल्मीकी निवासी कैलादेवी ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेषकर बताया कि जिसकी जमीन आदर्श नगर कॉलोनी प्लॉट नं. 7054/7055 शिकारगंज करौली राजस्थान मे स्थित है। उन्होने बताया कि वाल्मीकी समाज का व्यक्ति अपने बच्चों को शिक्षा प्राप्त कराने हेतु जाटव के मकान मे किराये से रहता था तो जातिगत भावना रखते हुये कॉलोनी वासियों ने मकान मालिक पर दवाव बनाकर कमरा खाली करा दिया गया जिसके बाद प्रार्थी ने अपनी खाली जमीन पर मकान का निर्माण का निर्माण कार्य आदे से ज्यादा हो चुका है तथा कॉलोनी वासियों को पता लगते ही यह मकान वाल्मीकी जाति का है तत्पश्चात कॉलोनी निवासी अन्तु लाल जाटव वर्तमान पुलिस विभाग मे कार्यरत है ! व गुडडी पत्नि मनकेश, गुडीया पत्नि हरकेश, वादामी, रामराज जाटव पुत्र झिगुरिया जाटव, निदासी पॉचौली व इसकी बहन आदी जाटव समाज के लोगो की औरतो व मर्दो ने घर मे घुसने का रास्ते को दिन मे पत्थरो कि वाउन्डरी कर जबरन बन्द कर दिया तथा वाल्मीकी समाज के विरूध अपमानित शब्दों का प्रयोग करते हुये सीधे तौर पर कहा यहाँ हमारे बीच भंगी नही रह सकते जिसका साक्ष्य के तौर पर पीडीत के पास विडियों रिकॉर्डिंग सुरक्षित है साथ खुले रूप से पीडित को धमकाया व जान से मारने की धमकी दी और मकान में प्रवेश नही करने दे रहे है जिसके बारे मे प्रार्थी व समाज के लोगो द्वारा पुलिस थाने मे रिपोर्ट पेश की लेकिन अन्तु लाल जाटव पुलिस मे होने के कारण उक्त रास्ता पुलिस के द्वारा नही खोला गया प्रार्थी गरीब वाल्मीकी समाज का व्यक्ति है जिसके साथ जातिगत भेदवाव किया जा रहा है प्रार्थी जाति से वाल्मीकी / महत्तर होने पर जाटव समाज के द्वारा इस प्रकार कि द्वेशता रखने के कारण मानसिक स्थित खराब है व प्रार्थी के बच्चे शिक्षा से वंचित रह रहे है जिससे जातिगत नफरत पर जिला करौली व सम्पुर्ण राजस्थान की समस्त वाल्मीकी समाज भारी रोष व्याप्त है उन्होने ज्ञापन के माध्यम से पीडित को न्याय दिलवाने व जातिगत नफरत फैलाने वाले लोगो के विरूध कार्यवाही कि मांग की है।

राजपूत समाज ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

गंगापुर सिटी, (निसं)। सीनियर रेलवे इंस्टीट्यूट में श्री राजपूत सभा इकाई महुकलां की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्री राजपूत सभा सवाई माधोपुर के जिलाध्यक्ष दीपक सिंह नरूका मुख्य अतिथि रहे। महामंत्री महेश पाल सिंह जादौन विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। समारोह में कक्षा 12 के 13 और कक्षा 1० के तीन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इन सभी विद्यार्थियों ने अपनी परीक्षाओं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। प्रत्येक छात्र को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और डॉक्यूमेंट फोल्डर प्रदान किया गया। दोनों कक्षाओं से तीन-तीन उच्च वरीयता प्राप्त विद्यार्थियों को विशेष प्रतीक चिन्ह देकर प्रोत्साहित किया गया। राजकीय सेवा में नियुक्त सुनील सिंह राजावत को भी सम्मानित किया गया। खेमराज सिंह चौहान को भामाशाह के रूप में और कुलदीप सिंह जादौन को कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में सम्मान मिला। मंच संचालन अविनाश कुमार सिंह ने किया। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकजुटता बढाते हैं। उन्होंने बच्चों को तकनीकी शिक्षा दिलाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में गजराज सिंह राजावत, अंकित तंवर, रवि राजपूत और भवानी सिंह नरूका सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

डिग्गी कल्याणजी की पदयात्रा रवाना

हिण्डौन सिटी, (निसं)। श्री कल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में डिग्गी कल्याणजी की 31वीं पदयात्रा सोमवार को हिंडौन से धूमधाम के साथ रवाना हुई। भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को प्रारंभ किया। समिति के सचिव सतेंद्र चौधरी ने बताया कि यात्रा दोपहर 3 बजे कम्बलवाल बगीची से अध्यक्ष विष्णु हलवाई की अध्यक्षता में बैंड-बाजों और शोभायात्रा के रूप में निकली। श्रद्धालु भजनों पर थिरकते हुए यात्रा में शामिल हुए। यात्रा मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर पदयात्रियों का स्वागत किया गया। समिति ने यात्रियों के लिए भोजन, नाश्ता और चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था की है। पहला पड़ाव रायपुर तथा दूसरा बिनेगा में होगा। सातवें दिन यात्रा डिग्गी जी पहुंचेगी। 24 अगस्त को सुबह 10 बजे ध्वजा यात्रा और दोपहर 12 बजे गंगापुर वालों की धर्मशाला में भंडारा आयोजित होगा। पदयात्रा में चेतन गर्ग, विष्णु मंगल, शिब्बी पटवा, सत्ते जाट, मुकेश बंसल, नेमी लहस, वीरेन्द्र वर्मा और अन्नी चौबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

तेरी मंद मंद मुस्कनिया पे बलिहार सांवरे..

सवाईमाधोपुर, (निसं)। श्री विजेश्वर धर्मार्थ ट्रस्ट बजरिया सवाई माधोपुर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन भगवान की बधाई के लिए नंदोत्सव मनाया गया। इस नंदोत्सव में जिला मुख्यालय क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनीयों से पुरुषजन एवं महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर रोहित एंड पार्टी द्वारा भजनों का आयोजन हुआ। भजनों में रोहित सिंहल, रानू सैन, दीपक गौतम, सोनू गोयल ने भगवान की बधाइयां एवं एक से बढ़कर एक भजन सुनाए। सुरेंद्र शर्मा ने तेरी मंद मंद मुस्कनिया, जहां बिराजे राधे रानी अलबेली सरकार सुनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। उपस्थित सभी श्रद्धालुओं में भगवान के सामने नृत्य कर भगवान को बधाई दी ओर इस बधाई बेला का आनंद लिया। ट्रस्ट के महामंत्री मंत्री ने उपस्थित आगंतुको आभार प्रकट कर स्वागत किया। नंद उत्सव में ट्रस्ट अध्यक्ष वेद नाथूलाल शर्मा, पूरणमल अठावाल उपाध्यक्ष, विनोद गर्ग कोषाध्यक्ष, सत्येंद्र गुप्ता ट्रस्टी गिरिराज के दावत देवेंद्र सिंह राठौड़ प्रहलाद राय गोयल, जगदीश जडावता, महावीर प्रसाद मित्तल, तेज कुमार कुमावत मुरारी लाल अठावाल ओमप्रकाश मित्तल, नरेश शर्मा, श्री बल्लभ शर्मा बनवारी नाम बाबूलाल गुप्ता विशेष आमंत्रित विमलेश गुप्ता सत्यनारायण मथुरिया राजेंद्र अठावाल अध्यक्ष आवासन मंडल तथा सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कुश्ती में पहलवानों ने दिखाया दमखम

हिण्डौन सिटी, (निसं)। शेरपुर में रविवार को हुए शानदार कुश्ती दंगल में छह राज्यों के नामी पहलवानों ने दांव-पेंच का जोर दिखाया। इस दंगल में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश, दिल्ली के साथ राजस्थान के भरतपुर और करौली जिले के पहलवानों ने भाग लिया। युवा जाट समाज चौबीसा के मीडिया प्रभारी नाहर सिंह डागुर ने बताया कि पहलवानों के जोरदार दांव-पेंच देख दर्शक रोमांचित हो उठे। खिलाड़ियों ने प्रतिद्वंदियों को पछाड़ने के लिए पूरा दमखम लगाया। कुश्ती के साथ ही ऊंची कूद और लंबी कूद प्रतियोगिताएं भी हुईं। विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों ने नकद राशि और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। देर रात तक चले इस आयोजन में भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

सहायक निदेशक को किया सम्मानित

करौली, (निसं)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग करौली के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र कुमार मीना को विभागीय उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। सहायक निदेशक मीना को यह सम्मान केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार, भारतीय एवं राजस्थान चुनाव आयोग की स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता गतिविधियों के सफल संचालन, राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित जिला विकास पुस्तिका के विमोचन एवं प्रदर्शनी, विभिन्न अभियानों, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित केन्द्र व राज्य के मंत्रियों तथा अन्य राजकीय अतिथियों के करौली प्रवास के दौरान प्रभावी मीडिया प्रबंधन एवं प्रचार-प्रसार जैसे अनेक उल्लेखनीय कार्यों हेतु प्रदान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना एवं गणमान्य अतिथियों ने सहायक निदेशक को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यधारा एवं स्थानीय मीडिया प्रतिनिधियों ने, अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, दोस्तों ने भी मीना को बधाई अर्पित कर उनके कार्यों की सराहना की।

दीपक जाटव तहसील अध्यक्ष नियुक्त

करौली, (निसं)। राजस्थान जाटव समाज संगठन समिति के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष की अनुशंसा पर करौली तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया। जिला अध्यक्ष सुरेश चंद्र करसौलिया ने बताया कि संगठन के तहसील करौली से दीपक जाटव को मनोनीत किया गया मनोनीत तहसील अध्यक्ष को 5 दिवस के अन्तर्गत 21 सदस्यीय कार्यकारिणी सुची भेजने के लिए निर्देश दिया।

विश्व हिंदू परिषद ने मनाया स्थापना दिवस

करौली, (निसं)।करौली त्रिलोकचंद माथुर स्टेडियम के पास संकट मोचक हनुमान मंदिर में विहिप, एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा स्थापना दिवस मनाया गया।

विश्व हिंदू परिषद के प्रचार-प्रसार प्रमुख नरेंद्र सिंह टटवाई ने बताया कि इस अवसर पर विहिप के जिला धर्म प्रसार प्रमुख महामंडलेश्वर राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने कार्यकर्ताओं को बताया कि जब-जब विश्व में अधर्म का बोलबाला बढ़ा है, तब-तब भगवान श्रीकृष्ण ने सत्य,धर्म और मानव कल्याण की रक्षा हेतु अवतार लेकर अधर्मियों का नाश किया है। विश्व में आज इसके विपरीत अराजकता और अशांति का माहौल बना हुआ है इस परिपेक्ष में विहिप की स्थापना का मूल उद्देश्य बताते हुए उन्होंने कहा कि,श्री कृष्ण के बताए मार्ग पर चलकर धर्म की स्थापना करना विश्व शांति, समरसता तथा सद्भावना की राह पर विश्व को,अठासर करना मूल उद्देश्य है। जिला अध्यक्ष चौरजी सिंह ने अपने उद्बोधन में बताया कि श्री कृष्णा ने हमेशा सत्य का साथ दिया और सत्य को प्रतिष्ठित भी किया उन्होंने मानव समाज को आपसी भाईचारे, सद्भावना और धार्मिक आचरण से जीवन जीने की प्रेरणा दी। इन्हीं दिव्य उद्देश्यों को साकार करने के लिए। संगठन का मानना है कि श्रीकृष्ण के उपदेशों पर चलकर ही विश्व कल्याण और विश्व शांति संभव है।जन्माष्टमी का पर्व नई और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती है। इसी ऊर्जा से प्रेरित होकर परिषद अपने कार्यकर्ताओं को धर्मरक्षा और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आव्हान करती है। विहिप के प्रांत सदस्य गजानंद शर्मा, एवं अतर सिंह ने विहिप द्वारा खंड स्तर तक मनाये जाने वाले पर्व त्यौहार एवं कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया।

409 पशु पालकों ने उठाया शिविर का लाभ

गंगापुर सिटी, (निसं)। अर्पण सेवा संस्थान और एलटीआई माइंडट्री फाउंडेशन ने एकीकृत ग्राम विकास परियोजना के तहत पशु चिकित्सा और परामर्श शिविरों का आयोजन किया। यह शिविर 20 जुलाई से 18 अगस्त तक चरणबद्ध तरीके से चले।

शिविरों का संचालन संस्थान के पशुधन सहायक नवीन सिंह आकोदिया ने किया। सहायक कार्यक्रम निदेशक डॉ. चंद्र शेखर मीना के निर्देशन में यह आयोजन हुआ। शिविर मीना बडौदा, बडोली, रायपुर, मेडी सहित कुल 7 राजस्व गांवों में लगाए गए। सोमवार को मीणा बडौदा गांव में विशेष शिविर का आयोजन हुआ। संस्थान से बाबूलाल मीना, मनीष पाराशर और धर्मेंद्र जैन ने योगदान दिया। स्थानीय कृषि मित्रों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। 409 पशुपालकों ने इन शिविरों में पशुओं का इलाज करवाया।

डाँक निशान यात्रा नगर भ्रमण के साथ रवाना

गंगापुर सिटी में यात्रियों के स्वागत के लिए खडे कार्यकर्ता।

गंगापुर सिटी, (निसं)।श्री श्याम सखा मित्र मंडल गंगापुर सिटी के तत्वावधान में पंचम डाँक निशान यात्रा पूरे लवाजमे के साथ नगर भ्रमण करते हुए खाटूधाम के लिए प्रस्थान किया।

इस अवसर पर प्रचार मंत्री अरुण गुप्ता ने बताया कि यात्रा सुबह 9 बजे ममलेश्वर महादेव मंदिर पंचायत समिति से आतिशबाजी एवं डीजे के साथ निशान की पूजा अर्चना के बाद मुख्य बाजार से होती हुई रवाना हुई। यात्रा का जगह जगह श्याम प्रेमियों एवं श्याम प्रेमी संस्थाओं के द्वारा पुष्प वर्षा एवं अल्पाहार देकर भव्य स्वागत किए गए। बाबा श्याम की यात्रा निकालने पर पूरा गंगापुर श्याममय हो गया। यात्रा के शुभारंभ में पंडित लोकेश शर्मा द्वारा रथ में विराजित बाबा श्याम एवं ध्वजो का विधिवत पूजन एवं आरती की गई। मण्डल कोषाध्यक्ष रौनक मंगल ने बताया कि लगभग 100 श्याम प्रेमी यात्री नाचते गाते हुए बाबा को रिझाते हुए खाटू के लिये रवाना हुए। यात्रा मुख्य बाजार होते हुए मंडावरी लालसोट डीडवाना तुंगा बस्सी जयपुर चोमू रिंग्स होते हुए 19 अगस्त को खाटू धाम पहुंचकर बाबा श्याम के श्री चरणों में निशान अर्पण करेगी। यात्रा का भंडारा 19 अगस्त को खाटू श्याम जी में होगा।

कोली समाज व महावर वैश्य महासभा की आमसभा आयोजित

हिण्डौन सिटी, (निसं)। महावर धर्मशाला में आज कोली समाज व महावर वैश्य महासभा संस्थान की साधारण आमसभा आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता गंगाराम भगत ने की तथा संचालन तेज सिंह कोली द्वारा किया।

आमसभा में सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। निर्णय अनुसार महावर धर्मशाला का संचालन विधान अनुसार 11 सदस्यीय संरक्षण समिति द्वारा किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक महावर कॉलोनी से एक-एक सदस्य शामिल होगा। साथ ही वर्ष 2018 की कार्यकारिणी को पूर्व में ही 2020 में भंग किए जाने की पुष्टि की गई। धर्मशाला में हुए नवीन निर्माण व दुकानों से संबंधित मामलों में आमसभा ने यह स्पष्ट किया कि जिन व्यक्तियों ने धनराशि जमा करवाई है, उन्हीं की जिम्मेदारी होगी, संस्थान या समाज किसी प्रकार की लेन-देन के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। इसके अतिरिक्त यह भी तय किया गया कि आगामी चुनाव विधान अनुसार संरक्षण समिति की देखरेख में संपन्न कराए जाएंगे।सभा में उपस्थित कोली जिला विकास छात्रावास समिति दौसा के अध्यक्ष सीताराम, संरक्षक दुलीचंद महावर, महामंत्री पन्नालाल, सोनपाल हुडला, डॉ. दीपचंद कोली, राजूलाल डाबर, गणेश महावर आदि मौजूद रहे।

नांगल शेरपुर में रात्रि चौपाल आज

करौली, (निसं)। जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि 19 अगस्त मंगलवार को सांय 6:30 बजे से टोडाभीम पंचायत समिति की ग्राम पंचायत नांगल शेरपुर में रात्रि चौपाल आयोजित कर जन समस्याऐं सुनी जायेंगी और मौके पर अधिक से अधिक परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों के साथ समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिये।

यजुर्वेद पारायण महायज्ञ का आयोजन

गंगापुर सिटी, (निसं)। आर्य समाज मंदिर में श्रावणी पर्व पर यजुर्वेद पारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया। सोमवार सुबह 8 बजे देवी स्टोर स्थित मंदिर में यजुर्वेद मंत्रों के साथ दीप प्रज्वलन और यज्ञ वेदी में अग्नि प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। महायज्ञ में आगरा से आए आचार्य हरिशंकर अग्निहोत्र ने ब्रह्मा की भूमिका निभाई। उन्होंने यजुर्वेद मंत्रों के स्वर पाठ से यजमानों को आहुतियां दिलवाईं। पहली पारी में अभिषेक रावत, मदन मोहन बजाज, दाऊदयाल गर्ग समेत कई यजमान दंपतियों ने भाग लिया। आचार्य हरिशंकर ने अपने उद्बोधन में धर्मग्रंथों में वर्णित सत्य के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज के चौथे नियम में सत्य को अपनाने की सीख दी है। सत्य से अज्ञान और अंधेरा दूर होता है।

साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

करौली, (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला कलक्टर ने बजट-घोषणाओं, कृषि, सड़क, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, मौसमी बीमारियों की रोकथाम, संपर्क पोर्टल, ई-फाइलिंग, नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों की स्वच्छता, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। जिला कलक्टर ने आगामी 29 अगस्त को भरतपुर संभाग की संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए सभी विभागाध्यक्षों को आवश्यक तैयारियां समय पर प्राथमिकता से पूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उनके विभाग के अन्तर्गत संचालित विकास एवं मरम्मत कार्यों, बजट घोषणाओं से जुड़े निर्माण कार्यों तथा फ्लैगशिप योजनाओं के लक्ष्यों को निर्धारित अवधि में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के आदेश भी दिये। जिला कलक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अन्तर्गत संचालित नॉन-पेचेबल, पेचेबल, मिसिंग लिन्क आदि परियोजनाओं के अंतर्गत निर्माणाधीन, नए स्वीकृत एवं प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की साथ ही जलभराव के कारण क्षितठास्त हुई सड़कों सहित और इन समस्त कार्यों को तय समय सीमा में निर्धारित गुणवत्ता मानकों के साथ संपादित करने के निर्देश पीडबल्यूडी के अधीक्षण अभियंता जयलाल मीना को दिए। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में जिला कलेक्टर ने सीएमएचओ जयंतीलाल मीना को सरकारी अस्पतालों व स्वास्थ्य केंद्रों में उच्चस्तरीय सेवाएं सुनिश्चित करने, दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता रखने तथा मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। जिससे आमजन निजी अस्पतालों से ज्यादा गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए राजकीय अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों को तरजीह दे सकें। उन्होंने अधीक्षण अभियन्ता पीएचईडी को जिले में निर्बाध रूप से पेयजल आपूर्ति के निर्देश देते हुए कहा कि वे उनके विभाग के अन्तर्गत जलापूर्ति के लिए मौजूद समस्त आवश्यक उपकरणों का नियमित रूप से रखरखाव एवं मरम्मत के माध्यम से सुचारू संचालन सुनिश्चित करें। जिससे जिले में आमजन को पेयजल से संबन्धित किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। वहीं शहर एवं गावों के दूरस्थ एवं बाधित जलापूर्ति क्षेत्रों में उपलब्ध कराये जाने वाले पेयजल के नियमित परिवहन एवं निर्बाध आपूर्ति को भी प्राथमिकता देने के लिए अधीक्षण अभियंता को निर्देशित किया।

जिला कलक्टर ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर दिया जोर

जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि, उद्यानिकी, आत्मा एवं पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

सवाई माधोपुर, (निसं)। जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि, उद्यानिकी, आत्मा एवं पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, पीएम कुसुम कम्पोनेंट-बी, राज्य योजना और राष्ट्रीय बागवानी मिशन सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति एवं वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई।

कलक्टर ने किसानों को उच्च गुणवत्ता बीज उपलब्ध करवाकर अधिक उत्पादन के संबंध में, 5 हैक्टेयर से अधिक क्षेत्र में खेतों की सामुहिक तारबंदी पर 70 प्रतिशत सब्सिडी के संबंध में किसानों को जागरूक करने, फसल बीमा योजना के तहत अधिकाधिक फसलों का बीमा सुनिश्चित करवाने एवं रबी पूर्व कार्यशाला का आयोजन कर प्रगतिशील किसानों के अनुभवों से अन्य किसानों को रूबरू करवाने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रदान किए। बैठक में खरीफ गिरदावरी में प्रगति लाने हेतु कृषि पर्यवेक्षकों के माध्यम से किसानों को जागरूक कर ई-किसान गिरदावरी कार्य समय पर पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त यूरिया, डीएपी एवं एसएसपी जैसे उर्वरकों की मांग, आपूर्ति और वितरण की समीक्षा की गई।

बैठक में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने पर विशेष बल दिया गया। कलक्टर